Class - 3
Subject - HINDI
पाठ – 3 मूर्ख मगरमच्छ

1. शब्दार्थ :–

जंगल	–	वन
बुद्धू	–	मूर्ख
हिस्सा	–	भाग
मित्र	–	दोस्त
धान	–	एक फसल का नाम

<u>मौखिक</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

2. क. जंगल के किनारे क्या था?

उत्तर जंगल के किनारे पर बहुत गहरी नदी थीं।

ख. मगरमच्छ कहाँ रहता था?

उत्तर मगरमच्छ गहरी नदी में रहता था।

ग. मगरमच्छ का मित्र कौन था?

उत्तर मगरमच्छ का मित्र सियार था।

घ. मगरमच्छ को किसने बुद्धू बनाया?

उत्तर मगरमच्छ को सियार ने बुद्धू बनाया।

<u>लिखित</u>

3. क. दोनों मित्रों के मन में क्या विचार आया?

उत्तर दोनों मित्रों के मन में खेती करने का विचार आया।

ख. सियार को हँसी क्यों आई?

उत्तर मगरमच्छ की मूर्खतापूर्ण बातें सुनकर सियार को हँसी आ गई।

ग. मगरमच्छ ने धान का नीचे का हिस्सा क्यों माँगा?

उत्तर मगरमच्छ ने धान का नीचे का हिस्सा इसलिए माँगा क्योंकि वो पहली बार आलू का ऊपरी हिस्सा लेकर मूर्ख बन गया था।

घ. तीसरी बार कौन–सी खेती हुई? अबकी बार बुद्धू कौन बना?

उत्तर तीसरी बार चुकंदर की खेती हुई। अबकी बार मगरमच्छ बुद्धू बना।

4. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

क. नदी के किनारे बहुत घना <u>जंगल</u> था। (जंगल, दंगल)

ख. दोनों मिलकर <u>धान</u> की खेती करने लगे। (पान, धान)

ग. तीसरी बार <u>चुकंदर</u> की खेती हुई। (चुकंदर, गन्ने)

घ. मगरमच्छ अपनी <u>मूर्खता</u> पर बहुत पछताया। (चतुरता, मूर्खता)

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए।

क. जंगल में कितने सियार रहते थे?

✓ एक | दो | तीन

उत्तर एक

ख. मगरमच्छ कहाँ पर रहता था?

जंगल में | झील में | ✓ नदी में

उत्तर नदी में

ग. दोनों मित्रों में मूर्ख कौन–सा था?

सियार | ✓ मगरमच्छ | दोनों ही

उत्तर मगरमच्छ

घ. धान का ऊपरी भाग किसने लिया?

मगरमच्छ ने | ✓ सियार ने | दोनों ने

उत्तर सियार ने